राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल ने दी गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं

जयपुर, 22 जुलाई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने देश और प्रदेशवासियों को गुरु पूर्णिमा की बधाई और शुभकामना दी है। उन्होंने कहा है कि भारतीय संस्कृति में गुरु को साक्षात परमात्मा के बराबर स्थान दिया गया है। गुरु ही व्यक्ति को अज्ञान के अंधकार से ज्ञान के उजास की ओर ले जाता है।

राज्यपाल ने इस अवसर पर समस्त गुरुजनों के प्रति श्रद्धा और सम्मान प्रकट किया है।

राज्यपाल ने ओलम्पिक दल को श्रेष्ठ प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी

जयपुर, 22 जुलाई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने शुक्रवार से शुरू हो रहे टोक्यो ओलम्पिक खेलों में भारतीय दल को श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामना दी है। राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा है कि सभी खिलाड़ी दम–खम और सूझ–बूझ से शानदार प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन करें।